# हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा संगठन ने निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

## तीनों मंडलों से अलग-अलग स्थानों से निकली यात्रा का नगर निगम कार्यालय पर राष्ट्रगान के साथ समापन

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** केंद्र सरकार और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व शुक्रवार को भाजपा संगठन एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में खंडवा नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम से ओत-प्रोत इस यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल, अटल बिहारी वाजपेयी मंडल एवं कुशाभाऊ ठाकरे मंडल के कार्यकर्ता अलग-अलग मार्गों से होते हुए अग्रसेन चौराहे पर एकत्रित हुए, जहां सभी कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए।

इसके पश्चात यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर निगम परिसर पहुंची, जहां यात्रा का समापन सामूहिक राष्ट्रगान एवं हस्ताक्षर अभियान से हुआ। तिरंगा यात्रा में जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल , विधायक कंचन मुकेश तनवे , महापौर अमृता अमर यादव , जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, पंधाना विधायक छाया मोरै, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज , सूरजपाल सोलंकी, सेवादास पटेल, हरीश कोटवाले, सुभाष कोठारी,पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा मुकेश तनवे,अमर यादव, कपिल अंजने, प्रवक्ता सुनील जैन सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हजारों की संख्या में उपस्थित रहे। देश भक्ति की यह तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सागर अरतानी के नेतृत्व एवं तीनों मंडलों के अध्यक्षों की उपस्थिति में युवाओं ने तिरंगा यात्रा में बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने संबोधित करते हुए कहा तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान, शान और स्वाभिमान का प्रतीक है। स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से मिली आजादी की याद दिलाने वाला तिरंगा प्रत्येक भारतीय के दिल में बसता है। उन्होंने



नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश एक साथ तिरंगे के सम्मान में खड़ा होता है तो राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश मजबूत होता है। विधायक कंचन तनवे ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देशभक्ति की भावना को जन-जन से जोड़ने वाला अभियान है। तिरंगे के प्रति सम्मान हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त के अवसर पर प्रत्येक परिवार अपने घर पर तिरंगा फहराए और बच्चों को भी राष्ट्रध्वज के महत्व तथा स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के बारे में जानकारी दे। उन्होंने खंडवा के नागरिकों से अभियान में उत्साहपूर्वक भागीदारी की अपील की। महापौर अमृता यादव ने कहा कि खंडवा की जनता हमेशा राष्ट्रभक्ति और सामाजिक एकता के आयोजनों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करती रही है। तिरंगा यात्रा इसी भावना का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमें एकता, अनुशासन और देश के प्रति कर्तव्य का संदेश देता है।

उन्होंने सभी नागरिकों से 15 अगस्त को अपने घरों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय पर्व को गौरव और उत्साह के साथ मनाने का आह्वान किया एवं सूर्यास्त के पूर्व सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को उतार कर सुरक्षित उसे उसे अपने घर में रखें। समापन कार्यक्रम का संचालन मोर्चा अध्यक्ष युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर आरतानी द्वारा किया गया। राष्ट्रगान की प्रस्तुति सोमनाथ काले ने कि एवं भारत माता की आरती यशदीप चौरे द्वारा गाई गई। सांसद पाटिल, महापौर अमृता यादव, विधायक कंचन तनवे ने विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे के साथ के साथ भारत माता की आरती की।

इस अवसर पर अनूप पटेल, विक्की बावरे, राजेंद्र सिंह ममता बोरसे, अनिल विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा, स्नेह पाराशर, प्रदीप यादव एवं युवा मोर्चा महामंत्री शुभम पटेल प्रवक्ता सुनील जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् और तिरंगा हमारा अभिमान है जैसे नारों से पूरा नगर राष्ट्रभक्ति के भाव से गूंज उठा। यात्रा ने नागरिकों में देशप्रेम, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करने का संदेश दिया।

# घनश्याम राठौर काकाजी बने राठौर समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**नवभारत न्यूज**



**खंडवा।** खंडवा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं बालाजी बस सेवा के संस्थापक व संरक्षक घनश्याम राठौर काकाजी को राठौर समाज का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राठौर समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। समाज के इतिहास में खंडवा से किसी व्यक्ति को राष्ट्रीय स्तर पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

**समाज की नई उड़ान का प्रतीक** -घनश्याम राठौर जी विगत 25 वर्षों से समाजसेवा और यातायात क्षेत्र में सक्रिय हैं। बालाजी बस सेवा के माध्यम से हजारों लोगों को रोजगार देने के साथ-साथ वे समाज के विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं।

**राठौर सकल पंच ट्रस्ट ने दी बधाई** -उनके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर राठौर सकल पंच ट्रस्ट, खंडवा के सभी ट्रस्टीगण एवं समाजजनों ने उन्हें बधाई दी है। ट्रस्ट के ट्रस्टीगण- बी.सी. राठौर जी, रमेशचंद राठौर जी, सुरेशचंद राठौर जी, दीपक राठौर जी, सुभाष राठौर जी, रप्रमोद राठौर जी, अशोक राठौर जी, संदीप राठौर जी, दिनेश राठौर जी, महेश राठौर जी, राहुल राठौर जी, अमित राठौर जी, विजय राठौर जी ।समाज के अन्य गणमान्य-गोविंद प्रसाद राठौर जी, संतोष राठौर जी, दिलीप राठौर जी, लखन लाल जी राठौर माखनलाल जी राठौररमेश चंद्र जी राठौर कमलेश राठौर जी, नेता प्रतिपक्ष मल्लू राठौर जी, कैलाश राठौर जी, विजय राठौर जी,जी, जी। भाजपा मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष टिंकू राठौर द्जी ने भी काकाजी को बधाई दी ।राठौर सकल पंच ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं जिला मीडिया प्रभारी अमित राठौर जी ने कहा कि घनश्याम काकाजी का अनुभव और नेतृत्व राठौर समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यह जिम्मेदारी पूरे खंडवा जिले के लिए गौरव की बात है। हमें विश्वास है कि वीर शिरोमणि दुर्गादास जी के आदर्शों पर चलते हुए वे संगठन को और मजबूत करेंगे ।इस अवसर पर समाज के लोगों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और काकाजी के उज्वल कार्यकाल की कामना की ।उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अमित राठौर जी द्वारा दी गई।

# स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा फहराने का छात्राओं ने लिया संकल्प




**खंडवा।** माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय खंडवा की युवा रेडक्रॉस इकाई की ओर से राष्ट्रध्वज सम्मान और रक्तदान महत्व के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए 7 कन्या महाविद्यालय की युवा रेडक्रॉस इकाई सचिव डॉ सीमा मंडलोई ने बताया कि अध्यक्ष और महाविद्यालय प्राचार्य डॉ विनय जैन के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कई आयोजन हो रहे है 7 समाजसेवी सुनील जैन ने बताया इस के अंतर्गत मानव श्रृंखला बनाई गई, जाति , धर्म ,भाषा और पद से परे छात्राओं और प्राध्यापकों ने एकजुटता से राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त किया 7 महाविद्यालय परिसर देश भक्ति पूर्ण नारों से गूँज उठा 7 छात्राओं से सदैव नियमानुसार तिरंगे का सम्मान करने और स्वतंत्रता दिवस पर अपने घर पर भी राष्ट्र ध्वज तिरंगा लगाने का संकल्प लिया 7 युवा रेडक्रॉस ईकाई सचिव डॉ मंडलोई के अनुसार हर घर तिरंगा अभियान प्रभारी और क्रीड़ा विभागाध्यक्ष श्रीमती अंशुल खत्री चौहान ने छात्राओं को खेलो के माध्यम से तिरंगे के सम्मान को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया । इसी के तहत कल शुक्रवार को सामाजिक सरोकार और जीवन में रक्तदान के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया 7 महाविद्यालय की नवगठित युवा रेडक्रॉस इकाई के सदस्यों प्रो. प्रिया चौहान, प्रो सरिता बघेल,प्रो. दीपक कुमार ठाकुर. प्रो मीनू पटेल सुश्री बबिता गढ़वाल और डॉ मीनाक्षी खरे ने रक्तदान वाहिनी की कार्यप्रणाली और आवश्यकता के संबंध में छात्राओं को विस्तार से जानकारी देकर रक्तदान के लिए प्रेरित किया 7 इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएं और प्राध्यापकगण उपस्थित रहे 7 इसके पश्चात रक्तदान भी किया गया।

# बैलेंस शीट बनाना सीखो कॉलेज में उद्योगपति मनोज धनोतिया का छात्रों को संदेश

## पत्रकार गोपाल राठौर की सुपुत्री सुहानी राठौर ने किया प्रोफेशनल पॉडकास्ट, युवा पीढ़ी को दिए टिप्स

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा/इंदौर ।** GSB कॉलेज, इंदौर में Micro Mitti द्वारा आयोजित पॉडकास्ट में इंदौर के सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं Micro Mitti के संस्थापक और सीईओ मनोज धनोतिया ने छात्रों से खुलकर बातचीत की। कार्यक्रम का संचालन गोपाल राठौर की सुपुत्री सुहानी राठौड़ ने बेहद आत्मविश्वास के साथ किया। सुहानी के सहज सवालों और संवाद शैली की सभी ने तारीफ की।

उन्होंने सीईओ धनोतिया से जीवन के संघर्ष, रियल एस्टेट सेक्टर, फाइनेंशियल शिक्षा और



महिलाओं के सशक्तिकरण पर गहन चर्चा की। पॉडकास्ट में श्री धनोतिया ने कहा कि आज के समय में किताबें बहुत जरूरी हैं। चाणक्य नीति, गीता, भगवत गीता और वैदिक मैथमेटिक्स पढ़िए। अखबार जरूर पढ़ें और बैलेंस शीट बनाना सीखें। यही असली शिक्षा है। उन्होंने महिलाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा "Micro Mitti में 1500 कर्मचारी हैं, उनमें 700 महिलाएं हैं। बेटियां बहुत अच्छा काम करती हैं। साथ ही उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि शुरुआत में सैलरी मत देखो, स्किल देखो। मेहनत करो, भारत में अवसर बहुत हैं। गर्व का पल सुहानी के इस प्रोफेशनल पॉडकास्ट पर पत्रकार जगत और राठौर समाज में खुशी है। सभी ने कहा जब बच्चे अपनी मेहनत से पहचान बनाते हैं तो माता-पिता और समाज का मन गर्व से भर जाता है।

# नदी पर बनी दीवार सद्भावना मंच ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** नगर की समाजसेवी संस्था सद्भावना मंच द्वारा मंच संस्थापक प्रमोद जैन के नेतृत्व में पंधाना रोड बड़ी आबना नदी को कवर कर बनी दीवार से भविष्य में होने वाले खतरे से आगाह करते हुए एक ज्ञापन जिला कलेक्टर के नाम सौपा गया। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि मंच व्दारा डिप्टी कलेक्टर सुश्री दीक्षा भगोरे को ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि शहर के पंधाना रोड आबना नदी को घेर कर एक कॉलोनीनाईजर द्वारा दीवार खड़ी कर कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है। दीवार के निर्माण से हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश के समय निचले क्षेत्रों के घरों के साथ पुल पर पानी आ जाने से बड़ी धन हानि एवं जनहानि की स्थिति को देखते हुए पुलिस व्दारा तत्परता दिखाई गयी।

# निकली लहरों के राजा की आमना नदी पर तिरंगा यात्रा



**खंडवा।** केंद्र सरकार द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है देशभक्ति के लिए जगह-जगह तिरंगा यात्राएं निकल रही है। पूरे देश के साथ हमारे जिला मुख्यालय खंडवा भी राष्ट्रभक्ति में लीन हें। तीन दिनों से शासन प्रशासन के साथ ही अलग-अलग सामाजिक संस्थाओं के द्वारा शहर में तिरंगा यात्रा निकालकर देश प्रेम का संदेश दिया जा रहा है। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लहरों के राजा ग्रुप भी देश भक्ति से पीछे नहीं है, और उनके सदस्यों द्वारा आमना नदी पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारी जोश और देशभक्ति के जुनून के साथ भव्य तिरंगा यात्रा शुक्रवार को सुबह नदी की लहरों पर निकाली गई आजादी के महोत्सव को हर कोई अपने तरीके से मना रहा है. खंडवा शहर में कुछ अनोखे तरीके से इस अमृत महोत्सव को मनाया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि गणगौर घाट आमना नदी पर तैरकर तिरंगा यात्रा निकाली और नदी में लहरों के बीच तिरंगा लहराया. इस अनोखे प्रयास की एक बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी प्रशंसा कर चुके हैं. यात्रा में तैराक दल अपने हाथों में तिरंगा लिए तैरते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान पर गए. तैराक दल के कुछ सदस्यों ने गहरे पानी के बीचों बीच गहराई में उतरकर तिरंगा फहराया. तैराक समूह लहरों के राजा के सदस्य सचदेवा सिंह का मानना है कि तिरंगा फहराकर उन्हें गर्व महसूस होता है।

# हरियाली अमावस्या पर पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**खंडवा।** हरियाली अमावस्या के अवसर पर स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय बालिका छात्रावास परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महिला संगठन की पदाधिकारियों एवं विद्यालय प्रशासन ने संयुक्त रूप से पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली संवर्धन का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान परिसर में पीपल, नीम और तुलसी सहित विभिन्न औषधीय एवं छायादार पौधे लगाए गए। साथ ही पौधों की नियमित देखरेख एवं सुरक्षा का संकल्प लिया गया। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखकर वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करना भी उतना ही जरूरी है।



कार्यक्रम में पूर्व अखिल भारतीय नार्मदीय महिला महासभा अध्यक्ष एवं संरक्षक सुनीता सकरगाए, महिला खंडवा इकाई अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय नार्मदीय महिला महासभा की महामंत्री भावना बिल्लौरे, संरक्षक भारती पाराशर, कार्यकारिणी सदस्य ममता चौरे, इकाई प्रमुख कीर्ति चौरे, खंडवा इकाई सचिव सरिता महोदय, कार्यकारिणी सदस्य स्वाति काशिव, इकाई सहसचिव रानी जोशी, मीडिया प्रभारी पूर्वा बार्चे एवं कार्यकारिणी सदस्य माधुरी पगारे उपस्थित रहीं।

# जनता माध्यमिक विद्यालय में बच्चों ने दी देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग प्रस्तुतियां

**खंडवा।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जनता माध्यमिक विद्यालय, खंडवा में प्राइमरी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ विभिन्न प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों एवं विद्यालय परिवार का मन मोह लिया।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशप्रेम की भावना को अभिव्यक्त किया। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को भाव-विभोर कर दिया। विद्यार्थियों में स्वतंत्रता दिवस को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला ।इस अवसर पर लोक शिक्षण समिति के सचिव देवेंद्र कुमार जैन, समिति सदस्य अम्बर शर्मा, श्रीमती अंशु सचिन जैन एवं विद्यालय के प्राचार्य संतोष सिंह तोमर उपस्थित रहे। सुनील जैन ने बताया कि समिति सचिव देवेंद्र कुमार जैन ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की।

# प्रकृति संरक्षण का संदेश लेकर ओंकारेश्वर पावर स्टेशन में वृहद पौधारोपण

**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर** पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर के विकास एवं प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ओंकारेश्वर पावर स्टेशन द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। परियोजना प्रमुख श्री डी.के. द्विवेदी के मार्गदर्शन एवं लेडिज क्लब अध्यक्षा, ओंकारेश्वर पावर स्टेशन श्रीमती अंजना द्विवेदी के नेतृत्व में पावर स्टेशन परिसर तथा जैन मंदिर, सिद्धवरकूट के आसपास व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न



प्रजातियों के कुल 300 पौधों का रोपण किया गया ।पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख श्री डी.के. द्विवेदी एवं लेडिज क्लब अध्यक्षा श्रीमती अंजना द्विवेदी द्वारा पर्यावरण एवं भारतीय परंपरा में विशेष महत्व रखने वाली त्रिवेणी—नीम, बरगद एवं पीपल के पौधे रोपित कर किया गया। त्रिवेणी के पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ प्रकृति एवं भारतीय संस्कृति के बीच स्थापित गहरे संबंध का संदेश भी दिया गया ।इसके पश्चात ओंकारेश्वर पावर स्टेशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, उनके परिजनों तथा सीआईएसएफ के सुरक्षा बल सदस्यों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण में भाग लिया। इस दौरान नीम, पीपल, बरगद, आंवला, अर्जुन, करंज, अमलतास, गुलमोहर, कदंब, सतपरनी एवं अन्य छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में कार्मिकों एवं उनके परिजनों का उत्साह देखते ही बनता था। सभी ने पौधारोपण को केवल औपचारिक कार्यक्रम न मानते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक अभियान के रूप में अपनाने की भावना व्यक्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख श्री डी.के. द्विवेदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन पौधा लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए। पौधा लगाना हमारी पहली जिम्मेदारी है।

**एक नजर में** — ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन पर विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण

# विद्युत लोको चलाकर सफलतापूर्वक ट्रायल संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर.....** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के इंदौरङ्कखंडवा आमान परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन पर विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। विद्युतीकरण कार्य पूर्ण होने के उपरांत विद्युत लोको चलाकर सफलतापूर्वक ट्रायल भी संपन्न किया गया। यह उपलब्धि इंदौरङ्कखंडवा आमान परिवर्तन परियोजना को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया की इंदौरङ्कखंडवा आमान परिवर्तन कार्य के अंतर्गत रेल अधोसंरचना को आधुनिक एवं बेहतर तकनीक से विकसित किया जा रहा है।



इसी क्रम में ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन पर आवश्यक विद्युतीकरण कार्य पूर्ण किया गया तथा विद्युत लोको का संचालन कर विद्युत आपूर्ति एवं संबंधित रेल अधोसंरचना का सफल परीक्षण किया गया ।इससे पूर्व स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सहित सिगनलिंग प्रणाली का कार्य पूर्ण कर उसे कमीशन किया जा चुका है। सिगनलिंग प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के बाद अब विद्युतीकरण कार्य भी पूरा हो गया है।

दोनों महत्वपूर्ण कार्यों के पूर्ण होने से स्टेशन की परिचालन क्षमता एवं आधुनिक रेल व्यवस्था के अनुरूप आवश्यक तकनीकी आधारभूत संरचना को मजबूती मिली है।

यात्री सुविधाओं से जुड़े कार्य भी प्रगति पर ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर यात्री अनुभव को ध्यान में रखते हुए विभिन्न यात्री सुविधा संबंधी कार्य भी किए जा रहे हैं। स्टेशन पर प्लेटफॉर्म एवं यात्री सुविधाओं से जुड़े अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि शेष कार्य प्रगति पर हैं। इन कार्यों को निर्धारित समयसीमा में शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है ।इंदौर-खंडवा आमान परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत रेल मार्ग एवं स्टेशनों पर आधुनिक रेल सुविधाओं के विकास के साथ-साथ सिगनलिंग, विद्युतीकरण, यात्री सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक अधोसंरचना का निर्माण एवं उन्नयन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में रेल परिवहन को अधिक सुरक्षित, आधुनिक, सक्षम एवं सुविधाजनक बनाना है ।